Title : Need to set up a railway museum in Shimla/Solan, Himachal Pradesh in honour of 'Baba Bhalku' a renowned figure.

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय के ध्यान में लाना चाहता हूं कि कालका से शिमला तक रेल लाईन के समय जब अंग्रेज इंजीनियरों को पहाड़ियों के बीच में लाईन बिछाने हेतु रास्ता नहीं मिल रहा था, तब वहां के स्थानीय बाबा भलखू नामक व्यक्ति ने रेल लाईन बनाने हेतु रास्ता बताने में महती भूमिका निभाई और उक्त रेल मार्ग का निर्माण संभव हो सका। बाबा भलखू की सेवाओं से प्रभावित होकर अंग्रेजों ने उनका सम्मान किया और रेलवे सेवा में रखा। गत वÂर्ष उक्त लाईन को 100 वÂर्ष से भी अधिक होने के उपलब्ध में रेलवे ने उसे हैरिटेज लाईन घोषित किया है।

विगत एनडीए की सरकार में पूर्व रेल मंत्री ने बाबा भलखू की याद में शिमला में एक रेल संग्रहालय की स्थापना का निर्णय लिया और इस हेतु 50 लाख रूपए स्वीकृत किए गए, किंतु उसके बाद से आज तक इस संग्रहालय की स्थापना की दिशा में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। मेरी सदन में मांग है कि उक्त रेल संग्रहालय शीध्रातिशीघ्र हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला अथवा सोलन जिला मुख्यालय में स्थापित किया जाये।